# VIVEKANANDA COLLEGE LIBRARY

## AAZADI KA AMRUT MAHOTASAV




## 1947 - 2021

# मेरा भारत महान

# विवेकानंद कॉलेज पुस्तकालय

इस वर्ष हम आज़ादी की ७५ वी जयंती मना रहे है यानी आज़ादी का अमृत महोत्सव। १९४७--२०२१ के खट्टे मीठे भव याद करने का समय। इस शुभ अवसर पर मैंने भी कुछ पंक्तिया लिखी है जो कि आपके सम्मुख प्रस्तुत है।

## आज़ादी का अमृत महोत्सव (१९४७-२०२१)

आओ मनाए आज़ादी का अमृत महोत्सव
याद कर ले उन शहीदों को,
जो दिला गए हमे आज़ादी ,
सम्मान करें उनका जिन्होंने दिलाई आज़ादी।,
आओ मनाए आज़ादी का अमृत महोत्सव
याद करें उन नेताओं को ,
जिन्होंने किया नेतृत्व आंदोलन का ,
स्वतंत्रता संग्राम का,
आओ मनाए आज़ादी का अमृत महोत्सव
पहुँच गए हम आज चाँद पर ,
हरित क्रांति ले आए ,
हरे भरे खेतों में,
आओ मनाये आज़ादी का अमृत महोत्सव,
शिक्षा हो या खेल जगत ,
हम किसी से कम नहीं
सड़के, रेलें, जहाज या हो हवाई जहाज
सबमेँ महारथ हासिल किया ,
आओ मनाए आज़ादी का अमृत महोत्सव
कोरोना से भी जंग लड़ी ,
जय हो कोरोना योद्धाओ की ,
जो मोर्चे पर डटे रहे ,
आज उनका मान बढ़ाएं
आओ मनाए आज़ादी का अमृत महोत्सव
आयुश्मान भारत योजना से
मुफ्त इलाज सम्भव हुआ,
कोरोना का टीकाकरण भी
सबसे तेज हुआ हमारा
आओ मनाए आज़ादी का अमृत महोत्सव
सम्मान करो उन युवाओं का ,
जिन्होने टोक्यो में भारत का झंडा फहराया
वाह रे नीरज , रवि ,चानु
और बजरंग ,सिंधु ,लवलीना
आओ मनाए आज़ादी का अमृत महोत्सव
हॉकी टीम क्या कम है हमारी ,
४१ साल बाद इतिहास दोहराया ,
अब महिला हॉकी की बारी है
आज हमारा दिल जीता है ,
कल पेरिस में मेडल जीतना है ,
आओ मनाए आज़ादी का अमृत महोत्सव

अंत में एक अति आवश्यक सन्देश हम सभी के लिए :-
कोरोना की तीसरी लहार को रोकना है , कृप्या सामाजिक दुरी का पालन करें , मास्क लगाए, हाथों को बार बार धोते रहें।
अपने को और अपनों को बचाना है , इसी संकल्प के साथ आओ मनाए आज़ादी का अमृत महोत्सव |

जय हिन्द जय भारत।

वीना शर्मा
विभाग --पुस्तकालय